


# ब्रिंक्स
# वैश्विक डेटा संरक्षण नीति

# विषय-वस्तु


A. उद्देश्य ........................................................ 3

B. कार्यक्षेत्र ...................................................... 4

C. अनुपालन .................................................... 4

D. शब्द / भूमिकाएं एवं परिभाषाएं ........................... 5

E. डेटा संरक्षण अधिकारी .................................... 6

F. डेटा संरक्षण सम्बन्धी सिद्धांत

F.1 विधिसंगतता, निष्पक्षता, और पारदर्शिता............................. 7

F.2 उद्देश्य परिसीमन.................................................... 8

F.3 डेटा न्यूनीकरण.................................................... 8

F.4 सटीकता................................................................ 8

F.5 भण्डारण परिसीमन.................................................... 8

F.6 व्यक्तिगत डेटा का संरक्षण............................................ 9

F.7 स्थानांतरण परिसीमन.................................................. 10

F.8 एक व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन की खबर देना.......................... 10

F.9 डेटा व्यक्तिपात्रों के अधिकार और अनुरोध........................... 11

G. जवाबदेही................................................... 12

H. वार्षिक समीक्षा............................................. 12

# A.
# उद्देश्य

जैसा कि ब्रिंक्स की आचारनीति संहिता में बताया गया है, ब्रिंक्स कंपनी, अपनी सहयोगी और सहायक कंपनियों सहित, अपने ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, कर्मचारियों, मजदूरों और अन्य तीसरे पक्षों की गोपनीयता और सुरक्षितता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह नीति, सभी ब्रिंक्स संस्थाओं द्वारा व्यक्तिगत डेटा* के प्रसंस्करण को शासित करने वाले महत्वपूर्ण डेटा संरक्षण सिद्धांतों ("सिद्धांत") को निर्धारित करती है।

इस नीति का इरादा, ब्रिंक्स के भीतर एक डेटा संरक्षण केन्द्रित संस्कृति और लागू होने योग्य क़ानून के अनुसार ब्रिंक्स के क्रियाकलापों के सन्दर्भ में प्रसंस्कृत व्यक्तिगत डेटा की रक्षा करने के लिए निर्मित कार्य-प्रथाओं को बढ़ावा देना है।



* इस नीति में उपयोग होने वाले बड़े अक्षरों वाले शब्दों या संक्षिप्त शब्दों का अर्थ, "शब्द / भूमिकाएं और परिभाषाएं" पृष्ठ में निर्धारित अर्थों के समान है।

## B.
## कार्यक्षेत्र

यह नीति, ब्रिंक्स के व्यवसाय की सभी लाइनों और ब्रिंक्स की सभी संस्थाओं पर उनके अपने-अपने निर्णय निर्माणकारी नियमों के अनुसार लागू होती है। यह ब्रिंक्स द्वारा प्रसंस्कृत सभी व्यक्तिगत डेटा को कवर करती है चाहे डेटा का रखरखाव करने के लिए जिस किसी भी माध्यम का उपयोग किया जा रहा हो, और इसका सम्बन्ध, संभावित, पूर्व या वर्तमान कर्मचारियों, मजदूरों, ग्राहकों, क्लाइंटों या आपूर्तिकर्ता के संपर्कों, शेयरधारकों, वेबसाइट उपयोगकर्ताओं या किसी अन्य व्यक्ति से हो सकता है।

इस नीति को वैश्विक रूप से लागू करना है लेकिन यह उन देशों में किसी लागू होने योग्य डेटा संरक्षण क़ानून या विनियमों की जगह नहीं लेती है जहाँ ब्रिंक्स अपना कार्य-संचालन करती है। कुछ देशों में ऐसे डेटा संरक्षण क़ानून और विनियम हो सकते हैं जो इस नीति में शामिल बातों से परे अतिरिक्त दायित्व या मार्गदर्शी सिद्धांत लागू सकते हैं। इन अतिरिक्त या भिन्न आवश्यकताओं का पालन करने के लिए, ब्रिंक्स, इस नीति में स्थानीयकृत परिवर्तन ("उप-नीतियाँ"), जैसे यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र और यूनाइटेड किंगडम में नीति के कार्यान्वयन के लिए यूरोपीय डेटा संरक्षण नीति विकसित कर सकती है।

इन उप-नीतियों को प्रासंगिक ब्रिंक्स स्थानीय इंट्रानेट पर प्रदर्शित किया जा सकता है या स्थानीय DPO, कानूनी या मानव संसाधन प्रतिनिधि के अनुरोध पर उपलब्ध कराया जा सकता है। इन उप-नीतियों का इरादा, नीति को पूर्णता प्रदान करना है। इस नीति और ऐसी किसी उप-नीति के बीच कोई संघर्ष या विवाद होने पर, उप-नीति द्वारा आवरण किए जाने वाले क्षेत्र में ब्रिंक्स के संचालन कार्यों या प्रसंस्करण क्रियाकलापों के लिए बाद वाले का उपयोग किया जाएगा।

## C.
## अनुपालन

सभी ब्रिंक्स कर्मियों को ब्रिंक्स की तरफ से व्यक्तिगत डेटा को प्रसंस्कृत करते समय इस नीति को पढ़ना, समझना, और पालन करना चाहिए। इस नीति का पालन करना और सभी कार्यान्वयन दस्तावेज तैयार करना अनिवार्य है। इस नीति का उल्लंघन करने पर लागू होने योग्य क़ानून के अनुसार व्यक्तियों के लिए अनुशासनिक कार्रवाई और ब्रिंक्स के लिए पर्याप्त वित्तीय दंड का सामना करना पड़ सकता है।



# D.
# शब्द / भूमिकाएं और परिभाषाएं

**ब्रिंक्स संस्था**: ब्रिंक्स कंपनी या उसकी कोई सहायक कंपनी

**ब्रिंक्स कर्मी**: सभी ब्रिंक्स कर्मचारी, ठेकेदार, निर्देशक और सदस्य।

**डेटा संरक्षण अधिकारी (डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसर / DPO)**: ब्रिंक्स के डेटा संरक्षण अनुपालन की निगरानी करने की जिम्मेदारी और इसके लिए औपचारिक रूप से नियुक्त व्यक्ति या टीम।

**डेटा व्यक्तिपात्र**: एक पहचान या पहचान योग्य व्यक्ति जिसके बारे में हम व्यक्तिगत डेटा को प्रसंस्कृत करते हैं। डेटा व्यक्तिपात्र किसी भी देश के नागरिक या निवासी हो सकते हैं और उनके पास अपने व्यक्तिगत डेटा से संबंधित कानूनी अधिकार हो सकते हैं।

**कार्यान्वयन दस्तावेजीकरण**: ब्रिंक्स की नीतियाँ, संचालन कार्यपद्धातियाँ, प्रक्रियाएं या इस नीति से संबंधित और व्यक्तिगत डेटा की रक्षा करने के लिए निर्मित दिशानिर्देश।

**व्यक्तिगत डेटा**: कोई जानकारी (1) जो एक पहचान या पहचान योग्य व्यक्ति से संबंधित है या (2) जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, एक विशेष व्यक्ति या परिवार की पहचान करती है, उससे संबंधित है, उसका वर्णन करती है, उचित रूप से उससे जुड़े होने में सक्षम है, या उससे उचित रूप से जुड़ी हो सकती है। इसमें एक व्यक्ति से संबंधित जानकारी शामिल है जिसकी पहचान (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से) हम अकेले उस डेटा से या अन्य पहचान कारकों के साथ कर सकते हैं जिन्हें हम प्रसंस्कृत करते हैं या जिन्हें हम ख़ास पहचान कारकों में उचित रूप से एक्सेस कर सकते हैं जैसे एक नाम, एक पहचान संख्या, स्थान डेटा, एक ऑनलाइन पहचान कारक या एक या उससे अधिक कारक जो उस डेटा व्यक्तिपात्र की शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, अनुवांशिक, मानसिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या सामाजिक पहचान के लिए विशिष्ट है। व्यक्तिगत डेटा में गुमनाम डेटा या वह डेटा शामिल नहीं है जिससे एक व्यक्ति की पहचान को स्थायी रूप से हटा दिया गया है।

**व्यक्तिगत डेटा का उल्लंघन**: ब्रिंक्स या उसके सेवा प्रदाताओं द्वारा संचारित, भंडारित या किसी अन्य प्रकार से प्रसंस्कृत व्यक्तिगत डेटा तक कोई वास्तविक या उचित रूप से संदिग्ध अनधिकृत या आकस्मिक एक्सेस या नुकसान, उपयोग, परिवर्तन, विनाश, अधिग्रहण, या खुलासा।

**गोपनीयता पूर्वसूचना (जिसे निष्पक्ष प्रसंस्करण पूर्वसूचना भी कहा जाता है) या गोपनीयता नीतियाँ**: ब्रिंक्स द्वारा डेटा व्यक्तिपात्रों के बारे में व्यक्तिगत डेटा के संग्रहण के दौरान उन्हें दी जा सकने वाली जानकारी से संबंधित अलग पूर्वसूचना।

**प्रसंस्करण या प्रसंस्कृत करना**: कोई संचालन कार्य या संचालन कार्यों का समूह जिन्हें व्यक्तिगत डेटा या व्यक्तिगत डेटा के समूह पर किया जाता है, चाहे वह स्वचालित तरीके से किया जाता हो या न हो, जैसे संग्रहण, रिकॉर्डिंग, आयोजन, संरचना निर्माण, भण्डारण, अनुकूलन या परिवर्तन, पुनः प्राप्ति, सलाह, उपयोग, तीसरे पक्षों को संचारित या स्थानांतरित करके खुलासा, प्रसार या किसी अन्य प्रकार से उपलब्ध कराना, संरेखन या संयोजन, प्रतिबन्ध, मिटाना या विनाश।

**छद्म नामकरण या छद्म नाम दिया**: एक व्यक्ति की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पहचान करने वाली जानकारी की जगह एक या उससे अधिक कृत्रिम पहचान कारकों या छद्म नाम का उपयोग करना ताकि उस व्यक्ति की पहचान, अलग और सुरक्षित रखी जाने वाली अतिरिक्त जानकारी का उपयोग किए बिना न हो सके जिससे डेटा संबंधित है।

**स्थानांतरण**: कोई संचालन कार्य या संचालन कार्यों का समूह जो उस हद तक एक नेटवर्क या किसी अन्य माध्यम का उपयोग करके व्यक्तिगत डेटा के संचार, प्रतिलिपिकरण या आवागमन में मदद करता है जिस हद तक ऐसे व्यक्तिगत डेटा को इसे प्राप्त करने वाले तीसरे पक्ष के द्वारा प्रसंस्कृत करना होता है। व्यक्तिगत डेटा का रिमोट एक्सेस, एक स्थानान्तरण का एक उदाहरण है।



# E.
# डेटा संरक्षण अधिकारी

## जहाँ लागू हो सके, ब्रिंक्स ने एक डेटा संरक्षण अधिकारी (DPO) को नियुक्त किया है।




इस नीति से संबंधित सवालों या इस नीति का पालन न किए जा रहे या न किए गए होने से जुड़ी चिंताओं के लिए कृपया ब्रिंक्स के DPO या ब्रिंक्स कानूनी विभाग से संपर्क करें। विशेष रूप से, उपयुक्त होने पर निम्नलिखित परिस्थितियों में DPO या ब्रिंक्स कानूनी विभाग से संपर्क करें:

- यदि आप इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि व्यक्तिगत डेटा को लागू होने योग्य क़ानून के तहत विधिसंगत तरीके से प्रसंस्कृत किया जाता है या नहीं;
- यदि आपको लागू होने योग्य क़ानून के तहत व्यक्तिगत डेटा को विधिसंगत तरीके से प्रसंस्कृत करने के मामले में डेटा व्यक्तिपात्रों की सहमति प्राप्त करने के लिए मदद की जरूरत है;
- यदि आपको एक गोपनीयता पूर्वसूचना लिखने की जरूरत है;
- यदि आप इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि व्यक्तिगत डेटा को कितने लम्बे समय तक रखा जाता है;
- यदि आप इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि व्यक्तिगत डेटा की रक्षा करने के लिए आपको किन सुरक्षा या अन्य उपायों का उपयोग करना चाहिए;
- यदि कोई व्यक्तिगत डेटा का उल्लंघन हुआ है;
- यदि आप इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि जिस देश में व्यक्तिगत डेटा को संग्रह किया गया था उस देश के बाहर के किसी देश में व्यक्तिगत डेटा का स्थानांतरण करने के लिए किस आधार का उपयोग करना चाहिए;
- यदि आपको एक डेटा व्यक्तिपात्र द्वारा उपयोग किए गए किसी आधार से निपटने के लिए किसी मदद की जरूरत है;
- जब कभी आप एक नई प्रसंस्करण गतिविधि में शामिल हो रहे होते हैं या एक मौजूदा प्रसंस्करण क्रियाकलाप में परिवर्तन करते हैं जिससे लोगों पर काफी असर पड़ने की सम्भावना हो, या जब कभी आप उन उद्देश्यों के अलावा किसी अन्य उद्देश्य से व्यक्तिगत डेटा का उपयोग करने की योजना बना रहे होते हैं जिन उद्देश्यों से उसे संग्रह किया गया था;
- यदि आपको प्रत्यक्ष मार्केटिंग क्रियाकलाप करते समय लागू होने योग्य कानूनों का पालन करने में मदद की जरूरत है; या
- यदि आपको तीसरे पक्षों के साथ व्यक्तिगत डेटा साझा करने से संबंधित क्षेत्रों या ठेकों के मामले में मदद की जरूरत है।

# F.
# डेटा संरक्षण सम्बन्धी सिद्धांत

ब्रिंक्स कंपनी सभी ब्रिंक्स संस्थाओं से अपने क्रियाकलापों के सन्दर्भ में व्यक्तिगत डेटा को प्रसंस्कृत करते समय लागू होने योग्य डेटा संरक्षण और गोपनीयता कानूनों का पालन करने की उम्मीद करती है।

इससे अधिक आम तौर पर, ब्रिंक्स निम्नलिखित व्यक्तिगत डेटा संरक्षण सिद्धांतों को मान्यता और पालन करती है। ये सिद्धांत, अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत दस्तावेजों में और कई देशों के कानूनों में शामिल गोपनीयता मानकों को प्रतिबिंबित करते हैं जिन देशों में ब्रिंक्स, व्यावसायिक क्रियाकलाप करती है। ये सिद्धांत, ब्रिंक्स संस्थाओं और उनके कर्मियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा के सभी प्रसंस्करण पर लागू होंगे।




## F.1.
## विधिसंगतता, निष्पक्षता, और पारदर्शिता

व्यक्तिगत डेटा को विधिसंगत, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संग्रहित और प्रसंस्कृत किया जाएगा।

व्यक्तिगत डेटा को डेटा व्यक्तिपात्रों की जानकारी के बिना या धोखे से संग्रहित या प्राप्त नहीं किया जाएगा। लागू होने योग्य क़ानून के आधार पर, ब्रिंक्स, डेटा व्यक्तिपात्रों को उनके लिए आसानी से एक्सेस करने योग्य, सटीक, पारदर्शी, सुगम, और साफ़ और सीधी भाषा में लिखित उनके व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण से संबंधित जानकारी प्रदान करेगी ताकि डेटा व्यक्तिपात्र उसे आसानी से समझ सकें। इस तरह की जानकारी, उपयुक्त गोपनीयता पूर्वसूचनाओं के माध्यम से प्रदान की जाएगी और उसमें (जहाँ लागू हो सके) (1) उस ब्रिंक्स संस्था की पहचान से जुड़ी जानकारी, (2) ब्रिंक्स, उनके व्यक्तिगत डेटा का उपयोग क्यों करेगी, (3) डेटा व्यक्तिपात्रों के डेटा संरक्षण अधिकारों से जुड़ी जानकारी, और (4) लागू होने योग्य क़ानून के अनुसार निष्पक्ष और पारदर्शी प्रसंस्करण को सुनिश्चित करने में मदद करने वाली अतिरिक्त जानकारी शामिल होगी।

## F.2.
## उद्देश्य परिसीमन

व्यक्तिगत डेटा को एक या उससे अधिक निर्दिष्ट, स्पष्ट और न्यायसंगत उद्देश्यों से संग्रह किया जाएगा और उसे फिर किसी ऐसे ढंग से प्रसंस्कृत नहीं किया जाएगा जो उन असली उद्देश्यों के साथ असंगत है जिनके लिए उसे संग्रह किया गया था। व्यक्तिगत डेटा का उपयोग, नए उद्देश्यों या, उसे प्राप्त करते समय बताए गए उद्देश्यों से अलग या असंगत उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा सकता है जब तक डेटा व्यक्तिपात्रों को नए उद्देश्यों के बारे में बता नहीं दिया जाता है और जब तक उन्होंने जहाँ जरूरी हो वहाँ ऐसे उद्देश्यों के लिए अपने व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण की सहमति नहीं दे दिया हो।

## F.3.
## डेटा न्यूनीकरण

व्यक्तिगत डेटा, वहीं तक पर्याप्त, प्रासंगिक और सीमित होगा जहाँ तक वह उन उद्देश्यों के सम्बन्ध में जरूरी होगा जिन उद्देश्यों के लिए उन्हें प्रसंस्कृत किया जाता है।


ब्रिंक्स कर्मी सिर्फ अपना काम करते समय ही व्यक्तिगत डेटा को प्रसंस्कृत कर सकते हैं जहाँ इसकी जरूरत होगी, और वे सुनिश्चित करेंगे कि परिमाण और प्रकार की दृष्टि से, व्यक्तिगत डेटा को संग्रह करना जरूरी है और अपेक्षित उद्देश्यों के अनुरूप है।

## F.4.
## सटीकता

व्यक्तिगत डेटा को यथासंभव सटीक ढंग से रिकॉर्ड किया जाएगा और जहाँ जरूरी होगा वहाँ यह सुनिश्चित करने के लिए उसे अपडेट किया जाएगा कि वह उन न्यायसंगत उद्देश्यों को पूरा करता है जिनके लिए उसे प्रसंस्कृत किया गया है।

## F.5.
## भण्डारण परिसीमन

व्यक्तिगत डेटा को किसी ऐसे रूप में नहीं रखा जाएगा जो उन उद्देश्यों के लिए आवश्यकता से अधिक समय तक डेटा व्यक्तिपात्रों की पहचान की अनुमति देता हो जिनके लिए उसे असल में संग्रह किया गया था, या लागू होने योग्य क़ानून के अनुसार अतिरिक्त प्रसंस्करण के लिए सुसंगत हो।



## F.6.
## व्यक्तिगत डेटा का संरक्षण

व्यक्तिगत डेटा की रक्षा, व्यक्तिगत डेटा उल्लंघनों से रक्षा करने के लिए तैयार किए गए उपयुक्त तकनीकी और संगठनात्मक सुरक्षा उपायों के द्वारा की जाएगी।

ब्रिंक्स हमारे आकार, कार्यक्षेत्र और व्यवसाय, हमारे उपलब्ध संसाधनों, हमारी या दूसरों की तरफ से हमारे द्वारा प्रसंस्कृत किए जाने वाले व्यक्तिगत डेटा की मात्रा और संवेदनशीलता, और हमारे सिस्टमों और डेटा से संबंधित निर्धारित जोखिमों के लिए उपयुक्त सुरक्षा उपायों को बनाए रखती है।

इसमें, बिना किसी सीमा के, जहाँ लागू हो सके, कूटलेखन और छद्म नामकरण का उपयोग शामिल है। ब्रिंक्स की सूचना सुरक्षा और अनुपालन टीम, व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए नियमित रूप से उन सुरक्षा उपायों की प्रभावकारिता की जांच और मूल्यांकन करेगी। ब्रिंक्स के पास मौजूद व्यक्तिगत डेटा की रक्षा करने की जिम्मेदारी, ब्रिंक्स कर्मी की है और उन्हें ऐसे सुरक्षा उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए।

ब्रिंक्स द्वारा प्रयोग किए जाने वाले सुरक्षा उपायों के एक हिस्से के रूप में, व्यक्तिगत डेटा का एक्सेस, उन लोगों तक सीमित होगा जिन्हें अपना कार्य करने के लिए उसे एक्सेस करने की जरूरत है। ब्रिंक्स कर्मी, सिर्फ तभी ब्रिंक्स के पास मौजूद व्यक्तिगत डेटा को ब्रिंक्स संस्थाओं के किसी अन्य कर्मचारी, एजेंट या प्रतिनिधि के साथ साझा कर सकते हैं यदि (1) प्राप्तकर्ता को किसी काम के सम्बन्ध में जानकारी के बारे में जानने की जरूरत है, और (2) व्यक्तिगत डेटा को साझा करना इस नीति के अनुरूप है।

हमारे पास मौजूद व्यक्तिगत डेटा को तीसरे पक्षों, जैसे हमारे सेवा प्रदाताओं के साथ साझा किया जा सकता है, यदि:

- उन्हें ठेके वाली सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से जानकारी के बारे में जानने की जरूरत है;
- व्यक्तिगत डेटा को साझा करना, इस नीति और डेटा व्यक्तिपात्र को दी गई गोपनीयता पूर्व सूचना के अनुरूप है और, यदि लागू होने योग्य क़ानून की आवश्यकतानुसार, डेटा व्यक्तिपात्र ने अपने व्यक्तिगत डेटा को साझा करने की सहमति दी है;
- हमारी तरफ से काम करते समय, तीसरे पक्ष ने सिर्फ ब्रिंक्स द्वारा सहमत और परिभाषित उद्देश्यों के लिए, और ब्रिंक्स के निर्देशानुसार, व्यक्तिगत डेटा को प्रसंस्कृत करने की सहमति व्यक्त की है; और
- तीसरे पक्ष ने आवश्यक डेटा सुरक्षा मानकों, नीतियों और कार्यपद्धतियों का पालन करने और उपयुक्त सुरक्षा उपाय करने की सहमति व्यक्त की है।





## F.7.
## स्थानांतरण परिसीमन

चूंकि ब्रिंक्स अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परिचालन करती है, व्यक्तिगत डेटा को संग्रह किए जाने वाले देश से अलग किसी दूसरे देश में किसी दूसरे व्यक्ति या संगठन को स्थानांतरित की जा सकती है।

व्यक्तिगत डेटा का कोई सरहद-पार स्थानांतरण, लागू होने योग्य क़ानून और इस नीति का पालन करते हुए होगा। जहाँ आवश्यक होगा, ब्रिंक्स यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाएगी कि प्राप्तकर्ता, लागू होने योग्य क़ानून की आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्तर का डेटा संरक्षण प्रदान करेगा।

## F.8.
## एक व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन की खबर देना

ब्रिंक्स ने व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन से निपटने के लिए कार्यपद्धतियों की व्यवस्था की है और वह कानूनी रूप से आवश्यक या किसी अन्य प्रकार से उपयुक्त होने पर डेटा व्यक्तिपात्रों और/या लागू होने योग्य नियामकों को सूचित करेगा।

यदि आपको पता या संदेह है कि व्यक्तिगत डेटा का उल्लंघन हुआ है तो खुद मामले की छानबीन करने की कोशिश न करें। तुरंत निम्नलिखित ईमेल आईडी पर सूचना सुरक्षा से संपर्क करें:

ITSecurityTeam@brinksinc.com

व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन से संबंधित सभी सबूत को सुरक्षित रखना चाहिए।

## F.9.
## डेटा व्यक्तिपात्रों के अधिकार और अनुरोध

डेटा व्यक्तिपात्रों के पास कुछ इस सम्बन्ध में कुछ विशेष अधिकार या विकल्प हो सकते हैं कि ब्रिंक्स उनके व्यक्तिगत डेटा को कैसे संभालती है।

इसमें अनुरोध करने का अधिकार और, लागू होने पर, (1) अपने व्यक्तिगत डेटा का एक्सेस प्राप्त करने का अधिकार, और (2) अपने व्यक्तिगत डेटा में सुधार करने या उसे मिटाने का अधिकार, या किसी विशेष उद्देश्य (जैसे डायरेक्ट मार्केटिंग) से अपने व्यक्तिगत डेटा के उपयोग पर आपत्ति व्यक्ति करने का अधिकार शामिल हो सकता है।

ब्रिंक्स के पास व्यक्तिगत डेटा के संरक्षण को सुनिश्चित करते समय लागू होने योग्य क़ानून के तहत डेटा व्यक्तिपात्रों के लिए उपलब्ध उनके अधिकारों से संबंधित अनुरोधों पर ध्यान देने के लिए कार्य-प्रक्रियाओं की व्यवस्था है। ब्रिंक्स अपने व्यक्तिगत डेटा पर की जाने वाली कार्रवाई के लिए या अपने व्यक्तिगत डेटा को एक्सेस करने का अनुरोध करने वाले व्यक्ति की पहचान को सत्यापित करेगी। किसी तीसरे पक्ष (डेटा व्यक्तिपात्र को छोड़कर) के द्वारा अनुरोध किए जाने पर, ब्रिंक्स कर्मी यह सत्यापित किए बिना इस तरह के तीसरे पक्ष के सामने व्यक्तिगत डेटा का खुलासा नहीं करेंगे कि तीसरे पक्ष को डेटा व्यक्तिपात्र की तरफ से काम करने का अधिकार दिया गया है।

कर्मचारी / नौकरी आवेदक डेटा व्यक्तिपात्र अनुरोध प्राप्त होने पर उन्हें तुरंत स्थानीय HR प्रतिनिधि / विभाग प्रमुख के पास अग्रेषित कर दिया जाएगा। ग्राहक डेटा व्यक्तिपात्र अनुरोध प्राप्त होने पर उन्हें तुरंत स्थानीय व्यवसाय प्रतिनिधि / ग्राहक सहायता के पास अग्रेषित कर दिया जाएगा।


HR और व्यवसाय प्रतिनधि जल्दी से DPO (या पदनामिति) को डेटा व्यक्तिपात्र अनुरोध और उसे हैंडल करने के लिए की गई कार्रवाई के बारे में सूचित करेंगे।



## G.
## जवाबदेही

लागू होने योग्य क़ानून के अनुसार अपने क्रियाकलाप क्षेत्र के भीतर इस नीति को लागू करने की जिम्मेदारी प्रत्येक ब्रिंक्स संस्था की है। इसके लिए, ब्रिंक्स, इस नीति में शामिल सिद्धांतों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावशाली ढंग से उपयुक्त तकनीकी और संगठनात्मक उपायों को बनाए रखेगी, जिसमें व्यक्तिगत डेटा के एक्सेस को प्रतिबन्धित या उसकी निगरानी करने, इस नीति में ब्रिंक्स कर्मियों को नियमित रूप से प्रशिक्षित करने, दस्तावेजीकरण और किसी अन्य लागू होने योग्य गोपनीयता या सुरक्षा उपायों को लागू करने, और व्यावहारिक होने पर और/या परिस्थितियों के तहत आवश्यक होने पर डेटा संरक्षण कार्य प्रथाओं की स्थापना करने से जुड़े उपाय शामिल हैं।

ब्रिंक्स, व्यक्तिगत डेटा के उचित उपयोग और संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए लागू किए गए गोपनीयता उपायों की नियमित रूप से जांच करेगी।



## H.
## वार्षिक समीक्षा

ब्रिंक्स, किसी भी समय इस नीति में परिवर्तन करने का अधिकार रखती है। ब्रिंक्स का वैश्विक DPO, लागू होने योग्य क़ानून के साथ इस नीति के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए इसकी निगरानी करेगा और समय-समय पर इसका आकलन करेगा। उपरोक्त बातों के बावजूद, इस नीति को ब्रिंक्स के वैश्विक DPO के द्वारा साल में कम से कम एक बार औपचारिक रूप से समीक्षा की जाएगी और उपयुक्त होने पर अपडेट किया जाएगा। यदि नियामक या अन्य आवश्यकताओं के कारण इस नीति में परिवर्तन करने की जरूरत हो तो ऐसे परिवर्तनों को दर्शाने के लिए नीति में जल्दी से संशोधन किया जाएगा।

संसाधन और संपर्क विवरणों के लिए कृपया वैश्विक कानूनी इंट्रानेट और उसके डेटा संरक्षण अनुभाग में जाएं:

https://customerportal.brinksinc.com/en/web/brinks-resource-library/global-legal